# अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, मुंगेर।

(Email ID-(1)sercdmgr@rediffmail.com **(2)sercdmgr@gmail.com**)PIN-811201

पत्रांकः– 638(अनु०) /मुंगेर, दिनांक :– 18/06/2024

प्रेषक,

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल, मुंगेर।

सेवा में,

मुख्य अभियंता दक्षिण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– निरीक्षण प्रतिवेदन के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि, दिनांक–12.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पथ प्रमंडल, लखीसराय/शेखपुरा अन्तर्गत प्रगतिशील योजनओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण प्रतिवेदन एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करते हुए भवदीय के आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित किया जाता है।

अनु०:–यथोक्त।

विश्वासभाजन
18/6/24
अधीक्षण अभियंता
प०नि०वि०, पथ अंचल, मुंगेर।

ज्ञापांक :– 638 मुंगेर दिनांक :– 18/06/2024

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लखीसराय/शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/6/24
अधीक्षण अभियंता
प० नि० वि०, पथ अंचल, मुंगेर।

Lt- 1358

दिनांक–12.06.2024 को भारत भूषण, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मुंगेर के द्वारा पथ प्रमंडल, लखीसराय/शेखपुरा अन्तर्गत प्रगतिशील योजनाओं का निरीक्षण प्रतिवेदनः–

उपस्थिति :– (1) श्री देव कांत कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय
(2) श्री विभूति चन्द्र, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शेखपुरा
(3) श्री शिवम् कुमार, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय
(4) श्री आलोक कुमार, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय
(5) श्री ध्रुव नारायण मंडल, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय
(6) श्री संजय कुमार, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, शेखपुरा
(7) श्री दशरथ रजक, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय
(8) श्री अविनाश कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय
(9) श्री देवेन्द्र कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय
(10) श्री रंणधीर कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, शेखपुरा
(11) श्री राजेश कुमार महतो, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, शेखपुरा

1. सूरजीचक–राहटपुर–रामचन्द्रपुर पथ

यह पथ सूरजीचक के निकट से चैनेज 0.00 से प्रारंभ होकर चैनेज 11.00 तक Irrigation bandh से होकर जाती है एवं राहटपुर में चैनेज 2950 पर समाप्त होती है तथा इस पथ का दूसरा लेग चैनेज 1250 से प्रारंभ होकर चैनेज 4450 पर रामचन्द्रपुर (मोहनपुर) में समाप्त हो जाती है। पथ का कुल लम्बाई दोनो लेग मिलाकर 6.200 कि0मी0 है। पथ के प्रारंभिक चैनेज 0.00 से 11.00 तक स्थानीय ग्रामीणों/रैयतों द्वारा कहा गया है कि पूर्व से निर्मित बाँध निजी जमीन पर है बिना मुआवजा के पथ से संबंधित कोई कार्य नहीं करने दिया जायेगा। उक्त पथ में चैनेज 1800 से 2950 तक मिट्टी कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं चैनेज 1800 से 2700 तक GSB का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। इस पथ में कुल 5 अदद् Box culvert एवं 4 अदद् Hume Pipe का निर्माण करा लिया गया है। एक अदद बॉक्स Culvert का निर्माण प्रगति पर है। इस पथ में दूसरे लेग में CH–2200 से 2500 एवं CH– 2800 से 3050 तक PQC कार्य करा लिया गया है। Protection wall भी चैनेज 2800 से 2950 तक पूर्ण करा लिया गया है। कार्यपालक अभियंता एवं उपस्थित संवेदक द्वारा बताया गया कि शेष Alignment में भूमि विवाद एवं पथ में जमीन नहीं होने के कारण अंचलाधिकारी द्वारा मापी कराया जा रहा है एवं रैयतों को समझा–बुझाकर कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को निर्देश दिया गया कि भूमि विवाद का निपटारा प्रशासनिक मदद से करते हुए पथ कार्य ससमय पूर्ण कराने का प्रयास किया जाय।

2. बड़हिया कृष्णा चौक से रामपुर चौक (NH-80) पथ

इस पथ के कृष्णा चौक, बड़हिया के Ch-0.00 से प्रारंभ होती है। प्रारंभिक चैनेज से चैनेज 730 तक PQC कार्य पूर्ण करा लिया गया है। Ch-730 से Ch-1000 तक रैयतों द्वारा विरोध होने के कारण भूमि अधिग्रहण नहीं होने से लगभग 270 मी0 में निर्माण कार्य नहीं हो सका है। Ch-1000 से Ch-2600 तक भू–अर्जन होने के उपरांत WMM तक का कार्य करा लिया गया है। Ch-2600-3400 तक रैयतों व ग्रामीणों द्वारा बताया गया की पूरा पथांश रैयती है, पूर्व में RWD द्वारा जबरदस्ती पथ का निर्माण किया गया। वर्तमान में बिना मुआवजा का कार्य नहीं करने दिया जायेगा। कुछ कार्य किया गया जिसे विरोध जताते हुए हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी, लखीसराय से कार्यहित में संज्ञान लेने हेतु अनुरोध किया गया।

ग्राम–मुड़वरिया (CH- 11.425 to 11.800) एवं ग्राम–वलीपुर (CH- 14.60 to 15.00) में भूमि विवाद रहने के कारण कार्य बाधित है। उक्त के समाधान हेतु भी जिला पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, पिपरिया से अनुरोध किया गया है। शेष पथांश में Bituminous कार्य पूर्ण करा लिया गया है। लेकिन Flank में भूमि आभाव के कारण Proper चौड़ाई में Shoulder निर्माण नहीं हो पा रहा है। उपलब्ध भुमि और ग्रामीणों को समझा–बुझाकर Shoulder का निर्माण किया जा रहा है। मुड़वरिया में Ch-11.721 से CH-12.272 तक एवं सूरजीचक में Ch-19.605 से 19.80 तक PQC का निर्माण पूर्ण करा लिया गया है। रामपुर में Ch-22.95 से Ch-23.090 तक RCC नाला निर्माण किया गया है। नाला के बगल में ढ़ाले ढक्कन (Slab) को एक दिन के अन्दर नाला के उपर रखने का निदेश संवेदक को दिया गया साथ ही पथ के बगल में उपलब्ध जमीन पर यथाशीघ्र Flank निर्माण Compaction सहित यथाशीघ्र पूर्ण करने का निदेश कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को दिया गया।

### 3. लखीसराय (SH-08) से पचना (SH-18) पथ

पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत इस पथ का पथांश 0.00 से 11.400 तक है एवं चैनेज 11.400 से 18.600 तक पथ प्रमंडल, शेखपुरा अन्तर्गत है। इस पथ में Ch-0.00 से Ch-1234 तक PQC कार्य पूर्ण करा लिया गया है। Flank निर्माण का कार्य प्रगति पर है। पथ के Ch-2.200 (RUB) में PQC कार्य प्रगति पर है। Ch-1230 से Ch-6000 में Widening में GSB कार्य करा लिया गया है। Flank में मिट्टी कार्य किया जा रहा है। Ch-6.00 से Ch-8.20 में Scarinfing का कार्य एवं Widening में Box Cuting कार्य प्रगति पर है। Ch- 8.20 से Ch-11.4 तक Scaringing का कार्य किया जा रहा है। इस पथ में कुल दो अदद् Box culvert का निर्माण प्रगति पर है। तीन अदद् Box culvert का निर्माण पूर्ण करा लिया गया है। Ch-5.60 से Ch-6.15 एवं Ch-10.100 से Ch-10.500 तक PQC कार्य पूर्ण करा लिया गया एवं Shoulder का निर्माण किया जा रहा है। पथ प्रमंडल, शेखपुरा अन्तर्गत Ch-11.40 से Ch-18.60 तक में कुल चार अदद् Box culvert का निर्माण पूर्ण करा लिया गया है। चार अदद् Box culvert एवं एक Minor Bridge का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### 4. बिल्लों (SH-18) से चेवाड़ा (NH-333A) पथ

इस पथ कि कुल लंबाई–9.700 कि०मी० है। चैनेज 0.00 से 7.040 तक पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत एवं शेष चैनेज 0.040 से 9.70 तक पथ प्रमंडल, शेखपुरा के अन्तर्गत है। इस पथ के Ch-0.028 से Ch-0.500 तक PQC का कार्य पूर्ण करा लिया गया है साथ ही Ch-2.250 से Ch-2.500 एवं Ch-3.750 से Ch-4.200 तक भी PQC का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पथ के Ch-0.500 से Ch-2.200 तक एवं Ch-2.500 से Ch-2.800 में GSB का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं WMM का कार्य प्रगति पर है। आगे भी Ch-6.500 से Ch-7.000 तक GSB का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इस पथांश में 9 अदद् Box culvert एवं 5 अदद् HP culvert पूर्ण करा लिया गया है 3 अदद् Box culvert प्रगति में है 1 अदद् HL Bridge (2 x 14 m) का दोनों Deck Slab का Casting पूर्ण करा लिया गया हैं शेष कार्य प्रगति में है। सम्पूर्ण पथ के Flank में मिट्टी का कार्य प्रगति में है। पथ प्रमंडल, शेखपुरा अन्तर्गत पथांश के चैनेज 7.040 से 8.00 तक GSB का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं WMM का कार्य प्रगति में है साथ ही शेष पथांश में GSB का कार्य प्रगति में है। इस पथांश में सभी 5 अदद् Box culvert पूर्ण करा लिया गया है। कार्यपालक अभियंता एवं उपस्थित संवेदक को Flank में कराये जा रहे मिट्टी कार्य का Compaction proper करने का निदेश दिया गया।

## 5. रामगढ़ चौक (SH-08) से शरमा (SH-18)तक पथ

इस पथ की कुल लंम्बाई 4.80 कि0मी0 है। पथ के Ch-0.00 से Ch-0.300 तक PQC का कार्य करना है जिसमें से 260 मी0 PQC का कार्य करा लिया गया है। Ch-0.350 से Ch-3.800 में GSB एवं WMM का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। Ch-3.800 से Ch-4.650 तक PQC का कार्य करना था जिसमें से 740 मी0 PQC का कार्य करा लिया गया है। पथ में कुल 16 अदद् Box culvert एवं 6 अदद् Hume Pipe culvert का निर्माण करना है जिसमें से 13 अदद् Box culvert एवं 5 अदद् Hume Pipe culvert का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। शेष 3 अदद् Box culvert एवं 1 अदद् Hume Pipe culvert का कार्य प्रगति पर है। Ch-4.650 से Ch-4.800 में भी GSB एवं WMM का कार्य करा लिया गया शेष पथांश में कार्य प्रगति में है। कार्यपालक अभियंता एवं उपस्थित संवेदक को ससमय कार्य सम्पन्न करने का निदेश दिया गया।

18/6/24

(ई० भारत भूषण )
अधीक्षण अभियंता
पथ अचंल, मुंगेर।